हिंदुस्तान मोटर्स को पहली तिमाही में 17.20 करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली : वाहन निर्माता हिंदुस्तान मोटर्स का मुनाफा 30 जून 2011 को समाप्त पहली तिमाही के दौरान शुद्ध मुनाफा 17.20 करोड़ रुपए हुआ। हिंदुस्तान मोटर्स ने बंबई स्टाक एक्सचेंज को बताया कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 19.73 करोड़ रुपए का नुकसान दर्ज किया था।

जून की तिमाही में कंपनी की ब्रिक्री 121.22 करोड़ रुपए की रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी की बिक्री 49.09 करोड़ रुपए थी। हिंदुस्तान मोटर्स का शेयर 0.57 फीसदी गिरकर 17.45 रुपए पर बंद हुआ।